भी देखरेख के प्रयोजन के लिये नियुक्त कर दिया गया है। किसी भी बुखार के मामले की जांच करने के लिए निरीक्षण कार्य, तथा यह निश्चित करने के लिए कि कोई मलेरिया का स्पष्ट मामला तो नहीं है, खून की स्लाइडों को तैयार करना आरम्भ कर दिया गया है इन क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को चेचक के टीकों की सुविधा दे दी गयी है। डाक्टरी सुविधा (मेडीकल रिलीफ़) देने के हस्ताल में एक चलती-फिरती गाड़ी (मोबाइल वेन) नियुक्त कर दी गयी है। नांगलोई में एक नियमित औषधालय है। सर्दी से बचाने के लिए इन दोनों स्थानों पर पर्याप्त संख्या में शामियाने तथा तम्बू लगा दिये गये हैं।

## उत्तर प्रदेश में बाढ़

4416. श्री चन्द्रिका प्रसाद : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती आदि जिलों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए संचार साधनों को पुनः स्थापित करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

सिंचाई तथा विद्युत् मंत्री (श्री कु० ल० राव) : राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर और बस्ती के जिलों में आई बाढ़ों के दौरान सड़कों के जो भाग कट गये थे वहां कच्चे रास्ते बना दिये गये हैं और यातायात वहां चालू हो गया है। इन जिलों में रेल के यातायात में कोई बाधा नहीं पड़ी है।

## उत्तर प्रदेश में बाढ़

4417. श्री चन्द्रिका प्रसाद : क्या सिंचाई तथा विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल की बाढ़ों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों, विशेष कर बलिया, गाजीपुर, गोरखपुर तथा बस्ती जिलों के लाखों लोगों की जीवन तथा सम्पति अब भी असुरक्षित हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन्हें कितनी वित्तीय सहायता दी गई है तथा इस सम्बन्ध में उनकी सहायता करने के लिये क्या अन्य उपाय किये गये हैं ?

सिंचाई तथा विद्युत् मंत्री (श्री कु० ला० राव) : (क) और (ख). बलिया, गाजीपुर, गोरखपुर और बस्ती के जिलों में इस वर्ष की बाढ़ों से लगभग 10 लाख लोग और लगभग 4 लाख एकड़ फसल वाली भूमि प्रभावित हुई थी। इसके अतिरिक्त 22 हजार घर या तो गिर गये या फिर क्षतिग्रस्त हुए।

राज्य सरकार ने अभी तक इन 4 जिलों में मुफ्त सहायता, आवास सम्बन्धी उपदान, तकावी ऋण, टेस्ट रिलीफ कार्य आदि के लिये लगभग 1.3 करोड़ रुपये दिये हैं। खाद्यान्न, दुग्ध चूर्ण, बिस्कुट आदि भी पीड़ितों तथा अन्य प्रभावित लोगों में बांटने के लिये दिये गये। टेस्ट रिलीफ कार्य बन्द कर दिये गये हैं क्योंकि लोगों में इनके प्रति कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया नहीं रही है।

उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में कई बाढ़ नियन्त्रण स्कीम कार्यान्वित की जा चुकी हैं। राज्य सरकार तटबन्धों, जल निकास नालियों के निर्माण और ग्रामों को ऊंचा उठाने से सम्बद्ध अन्य कार्यों को आरम्भ करने का विचार रखती है।

## PROMOTION EXAMINATION IN C.P.W.D.

4418. SHRI UMANATH :
SHRI K. ANIRUDHAN :

Will the Minister of WORKS, HOUSING AND SUPPLY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the C.P.W.D. non-gazetted office staff have boycotted the promotion examination on the 27th November, 1967;

(b) if so, what are their demands;

(c) whether Government propose to consider their demands; and

(d) if not, the reasons therefor ?